# 3 (Sem–6/CBCS) HIN HE 2

## 2023

## HINDI

## ( Honours Elective )

Paper : HIN–HE–6026

( प्रेमचंद का साहित्य )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्रेमचंद का जन्म कहाँ हुआ था?

(ख) प्रेमचंद को 'उपन्यास सम्राट' की उपाधि किसने दी थी?

(ग) प्रेमचंद के अन्तिम पूर्ण उपन्यास का नाम क्या है?

(घ) प्रेमचंद का प्रथम उर्दू कहानी-संग्रह किस नाम से प्रकाशित हुआ था?

(ङ) प्रेमचंद की पहली हिन्दी कहानी का नाम क्या है?

(च) प्रेमचंद की कहानी 'पूस की रात' का प्रकाशन-वर्ष क्या है?

(छ) 'कर्बला' नाटक में कुल कितने अंक हैं?

(ज) दारोगा कृष्ण चंद्र की पत्नी का नाम क्या था?

(झ) "आजमाये को आजमाना _____ है।"
'साहित्य का उद्देश्य' निबंध के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ञ) प्रेमचंद के अनुसार पुराने जमाने में समाज की लगाम किसके हाथ में थी?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) प्रेमचंद के अनुसार साहित्य का उद्देश्य क्या है?

(ख) प्रेमचंद द्वारा मूलतः हिन्दी में लिखित किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(ग) हामिद को अपने अब्बा और अम्मी के बारे में बूढ़ी दादी ने क्या कहा था?

(घ) 'कर्बला' नाटक में वर्णित किन्हीं दो अरब-निवासी हिन्दुओं के नाम लिखिए।

(ङ) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध के आधार पर यह बताइए कि नीति-शास्त्र और साहित्य-शास्त्र के उपदेश की विधि में क्या अंतर है।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध में व्यक्त प्रेमचंद के भाषा-संबंधी विचारों का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'सेवासदन' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।





(ग) 'सेवासदन' उपन्यास में पद्मसिंह की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'कर्बला' नाटक के नामकरण की सार्थकता पर चर्चा कीजिए।

(ङ) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में दोनों दोस्तों का अंत कैसे होता है, स्पष्ट कीजिए।

(च) 'पूस की रात' कहानी के आधार पर हल्कू का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"जैसे बालू पर तड़पती हुई मछली जलधारा में पहुँचकर किलोलें करने लगती है, उसी प्रकार सुमन भी सुभद्रा की स्नेहरूपी जलधारा में अपनी विपत्ति को भूलकर आमोद-प्रमोद में मग्न हो गई।"

**अथवा**

"साहित्यकार का लक्ष्य केवल महफिल सजाना और मनोरंजन का सामान जुटाना नहीं है—उसका दरजा इतना न गिराइए। वह देश-भक्ति और राजनीति के पीछे चलनेवाली सचाई भी नहीं, बल्कि उनके आगे मशाल दिखाती हुई चलनेवाली सचाई है।"

(ख) 'सेवासदन' उपन्यास की प्रमुख समस्याएँ क्या हैं? क्या समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत किया गया है? उत्तर दीजिए।

**अथवा**

सुमन और भोली की चारित्रिक विशेषताओं की तुलना कीजिए।

(ग) संवाद-योजना के आधार पर 'कर्बला' नाटक की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

"'कर्बला' ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर लिखित नाटक है।" प्रस्तुत कथन की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'दो बैलों की कथा' कहानी की कथावस्तु को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

कहानी-कला की दृष्टि से 'पंच परमेश्वर' कहानी की समीक्षा कीजिए।

★★★